**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**

**14.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:30बजे**

**मुख्य समाचार**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को करेंगी संबोधित ।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए सरकार ई–वाहनों को व्यापक स्तर पर दे रही है प्रोत्साहन।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भारत विभाजन को बताया मानवता के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी।
- स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रदेश सरकार ने चार सौ 33 सजा याफ्ता कैदियों को दी सजा में छूट।
- प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय, एक सौ 14 सड़कें अवरूद्ध, आज चार जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट।

**संबोधन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को सम्बोधित करेंगी। उनका यह सम्बोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति का संबोधन दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिन्दी में और उसके बाद अंग्रेज़ी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद रात 8 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगें।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने और प्रदेश के बहुमूल्य पर्यावरण के संरक्षण के लिए ई वाहनों को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहन दे रही है। इसके लिए सरकार ने हाल ही में राज्य पथ परिवहन निगम के बेड़े में दो सौ 97वें इलेक्ट्रिक बसें शामिल की हैं। मुख्यमंत्री आज हमीरपुर बस अड्डे से एच.आर.टी.सी. की 35 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाने के मौके पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि नई इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक सफर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बाद में विभिन्न सिंचाई और अन्य विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास भी किए।

उन्होंने राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की भी अध्यक्षता की। इस मौके पर मुख्यमंत्री हमीरपुर में साईंस कॉलेज, एलाइड व स्वास्थ्य सेवा महाविद्यालय और एम्स स्तर का आयुर्वेदिक संस्थान खोलने की घोषणा की।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि भारत विभाजन मानवता के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी थी। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए हमें विभाजन के रूप में एक बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। जयराम ठाकुर ने कहा कि धर्म के आधार पर पाकिस्तान का निर्माण तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की राजनीतिक विफलता का परिणाम था। उन्होंने ये भी कहा कि इतिहास को याद करने का उद्देश्य गड़े मुर्दे उखाड़ना नहीं बल्कि अतीत की गलतियों से सीख लेकर उन्हें दोबारा न दोहराना है।

## अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि पौधरोपण सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है और पौधे पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ आने वाली पीढ़ियों के बेहतर और सुरक्षित भविष्य की नींव तैयार करते हैं। अग्निहोत्री आज हरोली विधानसभा क्षेत्र के कुठार बीत में जिला स्तरीय वन महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर रूद्राक्ष का पौधा रोपित कर पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊना जिला में इस वर्ष लगभग 2 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ–साथ लगाए गए पौधों की देखभाल करना भी हमारी सामूहिक जिम्मेवारी है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि बीत क्षेत्र में वन सवंर्धन और संरक्षण के लिए बल्क ड्रग पार्क परियोजना के तहत 10 करोड़ रूपए वन विभाग को उपलब्ध करवाए गए हैं।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार खेल अधोसरंचना को मजबूत बनाने और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। रोहित ठाकुर आज जुब्बल में ठाकुर रामलाल गर्ल्स स्कूल ऑफ स्पोर्टस के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ये स्कूल ऑफ स्पोर्टस प्रदेश का पहला ऐसा खेल संस्थान है जहां छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों की डाइट मनी को बढ़ाकर 2 सौ 20 रूपए करने के अलावा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सरकार द्वारा सम्मान भी दिया जा रहा है।

## अनुराग ठाकुर

सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि राजनीति में मतभेद और असहमति अपनी जगह है लेकिन राहुल गांधी की भाषा अब उनके पालन–पोषण और संस्कारों पर सवाल खड़े करने लगी है। अनुराग ठाकुर ने आज हमीरपुर में तिरंगा यात्रा के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिस परिवार की महिलाएं देश के सर्वोच्च पदों पर रही हैं, उसी परिवार से आने वाले राहुल गांधी द्वारा एक महिला राष्ट्राध्यक्ष के बारे में अशोभनीय टिप्पणी करना उनकी मानसिकता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद की आड़ में संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग स्वीकार्य  नहीं हो सकता।

## सजा में रियायत

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार ने कानून के तहत पात्र सजा याफ्ता 4 सौ 33 कैदियों को उनकी सजा में छूट प्रदान की है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने आज शिमला में कहा कि प्रदेश की विभिन्न जेलों में इस समय एक हजार 25 सजा याफता कैदी हैं। उन्होंने कहा कि पात्र कैदियों की सजा में नियमानुसार रियायत दी गई है। प्रवक्ता ने कहा कि सजा में दी गई इस छूट के चलते तीन कैदियों की कल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जेल से रिहाई होगी।

## हिमाचल–स्वतंत्रता दिवस

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश वासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस बीच प्रदेश का राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह कल हमीरपुर ज़िले के बड़सर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में आयोजित किया जायेगा, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तिरंगा फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। राज्य सरकार ने कल 15 अगस्त को

राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में प्रदेश के सभी स्कूल कल खुले रहेंगे और बड़सर में होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री के संबोधन का सभी स्कूलों में सीधा प्रसारण किया जाएगा।

## भूकंप

चंबा में आज सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूमिका की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3 दशमलव शून्य मापी गई। भूकंप को केंद्र जम्मू कश्मीर की सीमा में जमीन के 5 किलोमीटर नीचे था। इस भूकंप से किसी प्रकार के जान या माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

## सड़क मार्ग

कांगड़ा जिला बार एसोसिएशन ने धर्मशाला–चड़ी मार्ग पर सुधेड़ के समीप लगभग 3 सौ मीटर सड़क की बदहाली को लेकर प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकुर सोनी के नेतृत्व में आज अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर सड़क की उचित मुरम्मत करवाने की मांग की। अंकुर सोनी ने कहा कि सुधेड़ के पास सड़क का ये हिस्सा लगभग दो वर्षों से खराब हालत में है।

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की वर्षा हुई। कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का भी समाचार है। मौसम विभाग ने आज राज्य के चार जिलों ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा और सिरमौर में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

भारी वर्षा के चलते सिरमौर जिला में जटोन बांध के गेट खोल दिए गए हैं और प्रशासन ने निचले क्षेत्रों में रहने वालों लोगों को सतर्क रहने को कहा है। प्रदेश में भारी वर्षा और भू–स्खलन के कारण एक सौ 14 सड़कें अवरूद्ध हैं जबकि बिजली के दस ट्रांसफार्मर और दो सौ 50 पेयजल योजनाएं भी काम नहीं कर रही हैं।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को करेंगी संबोधित ।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा –हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए सरकार ई वाहनों को व्यापक स्तर पर दे रही है प्रोत्साहन।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भारत विभाजन को बताया मानवता के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी।
- स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रदेश सरकार ने चार सौ 33 सजा याफता कैदियों को दी सजा में छूट।
- प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय, एक सौ 14 सड़कें अवरूद्ध आज चार जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट।